एक नजर में

रोटरी क्लब का रक्त संकल्प अभियान जारी

इंदौर . थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार में मदद के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ इंदौर व एमवाय अस्पताल की संयुक्त टीम ने 'रक्त संकल्प अभियान' के तहत 78 यूनिट ब्लड एकत्रित किया . मंगलवार को रोट्रैक्टर्स एवं इंट्रैक्टर्स ने मल्हार मेगा मॉल व एबी रोड मार्ग पर रक्त संकल्प अभियान चलाकर आमजन को रक्तदान के लिए जागरूक किया . रक्त संकल्प अभियान मे मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 की राष्ट्रीय अंतिम प्रतियोगी श्रेया बेदिया भी शामिल हुई . उन्होंने रक्तदान जैसे सामाजिक अभियान की सराहना करते हुए युवाओं से मानव सेवा के ब्लड डोनेट करने की बात कही . जिला गवर्नर रोटरी संस्कार कोठारी ने भी रक्तदान किया . रोटरी जिला के जनसंपर्क अध्यक्ष सीए घनश्याम सिंह ने भी रक्तदान कर अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित किया . क्लब की अध्यक्षा रोटरी डॉ . आराधना सहाय एवं सचिव रोटरी अतुल गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों, रोट्रैक्टर्स, इंट्रैक्टर्स, एमवाय अस्पताल की टीम सहित सभी का आभार जताया .

दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की जागरूकता कार्यशाला

इंदौर . सतना में दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन, मध्यप्रदेश द्वारा राज्य के दस संभागों के कप्तानों हेतु विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य संभागीय कप्तानों को दिव्यांग क्रिकेट के नियमों, संगठनात्मक संरचना एवं खेल विकास योजनाओं से अवगत कराते हुए प्रदेश स्तर पर दिव्यांग क्रिकेट को और अधिक मजबूत एवं व्यवस्थित दिशा प्रदान करना रहा . कार्यक्रम में खेल विकास एवं संवर्धन प्रदेश प्रमुख रुपेश जैन ने एसोसिएशन के उद्देश्यों, दिव्यांग क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य एवं संभागों को सशक्त बनाने की योजनाओं पर मार्गदर्शन देते हुए अधिक से अधिक खिलाड़ियों को जोड़ने, नियमित कैंप एवं ट्रायल आयोजित करने तथा स्थानीय स्तर पर संसाधन विकसित करने का आह्वान किया . उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह, समर्पण एवं संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि एसोसिएशन उनके सपनों को साकार करने हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है . एसोसिएशन के सचिव अकांशु खुराना ने टीम एवं खिलाड़ियों की रैंकिंग प्रणाली, डिजिटल स्कोरिंग, खिलाड़ी पंजीयन एवं अनुशासन व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि भविष्य में सभी मैच क्रिकेट हीरोज एप पर दर्ज किए जाएंगे . वहीं एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अंकित रॉकी शर्मा ने रीवा संभाग के मेंटर के रूप में श्री सूर्य प्रकाश गुप्ता की नियुक्ति की घोषणा की . एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष दिनेश सिंह ने वित्तीय कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए उसे और अधिक मजबूत बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए .

अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के चुनाव हेतु नामांकन फॉर्म वितरण शुरू

इंदौर . अग्रवाल समाज की शीर्ष संस्था श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के द्विवार्षिक चुनाव के लिए नामांकन फॉर्म के वितरण का काम मंगलवार से केन्द्रीय समिति के आंचल नगर, स्कीम 140, पीपल्याहाना स्थित हाईटेक कार्यालय पर शुरू हो गया है . मुख्य चुनाव अधिकारी गोपालदास अग्रवाल एवं सहायक चुनाव अधिकारी मनीष खजांची और अरविंद अग्रवाल वेल्यूअर ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है . नामांकन फॉर्म वितरण 10 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक जारी रहेगा . इसके पश्चात 8 से 11 जुलाई तक नामांकन फॉर्म जमा किए जा सकेंगे . 13 जुलाई को जाँच के पश्चात शाम 4 बजे वैध उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा और 15 जुलाई को शाम 4 से 7 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे . 16 जुलाई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा और जरुरी हुआ तो कुल 21 पदों के लिए रविवार 26 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर मतदान होगा . चुनाव में अध्यक्ष के एक पद, उपाध्यक्ष के एक महिला सहित दो पदों, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संयोजक, सहमंत्री एवं सहसंयोजक के एक-एक पद सहित आठ पदों पर एवं कार्यकारिणी में दस पदों तथा तीन महिलाओं सहित इक्कीस पदों पर चुनाव होंगे ।

भाजपा नेताओं ने डॉ . मुखर्जी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

इंदौर . भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती पर विजय नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद किया . मंत्री तुलसीराम सिलावट, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, विधायक रमेश मेंदोला, सुदर्शन गुप्ता ने माल्यार्पण किया . भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता राष्ट्र सर्वोपरि, विचारधारा सर्वोपरि और संगठन सर्वोपरि के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का कार्य करें . नगर के सभी 2097 बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित कार्यक्रम हुए । इस अवसर पर एम आई सी सदस्य अश्विनी शुक्ल, पूर्व सभापति अजय सिंह नरुका, कमल वाघेला, वीरेंद्र व्यास, भारत पारख, नितिन शर्मा, आदित्य पांडे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे .

निगम ने दो जर्जर मकानों पर रिमूव्हल कार्रवाई की

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम द्वारा शहर में जर्जर मकानों पर रिमूवल कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में मंगलवार को शहर में दो जर्जर ओर खतरनाक मकान को गिराया गया.

आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहर में जर्जर एवं अति खतरनाक मकानों को तोड़ने की कार्रवाई का अभियान चलाया जा रहा है. आज झोन 12 के तहत 2 जर्जर मकान पर रिमूव्हल कार्रवाई की गई. आज भवन स्वामी रमन धुलधोये 24/1 चन्द्रभागा मेनरोड पर 1 हजार स्के. फीट एवं सोमवंशी समाज का जी 800 स्के. फीट पर बने जर्जर व खतरनाक भवन पर रिमूव्हल कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान भवन अधिकारी राहुल रघुवंशी, भवन निरीक्षक सहित पुलिस और निगमकर्मी उपस्थित थे.

राजवाड़ा पर रात में जर्जर मकान का हिस्सा ढहा

शहर के व्यस्ततम क्षेत्र राजवाड़ा स्थित लक्ष्मी मंदिर के समीप मंगलवार देर रात एक जर्जर मकान का हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया . घटना रात के समय होने से बड़ा हादसा टल गया। यदि मकान दिन के समय गिरता, तो जनहानि हो सकती थी . उक्त मकान को नगर निगम ने पहले ही खतरनाक घोषित कर रखा था, लेकिन उसे हटाने की कार्रवाई नहीं की गई . निगम लापरवाही के चलते मकान का एक हिस्सा देर रात में ढह गया .

साइबर ठगी रोकने डिलीवरी पार्टनर्स को बनाया जागरूकता का माध्यम

इंदौर . साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने अब घर-घर पहुंचने वाले डिलीवरी पार्टनर्स को भी जागरूकता अभियान से जोड़ा है . मंगलवार को सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के तहत जेप्टो और जोमैटो के डिलीवरी पार्टनर्स को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई और उन्हें आम लोगों को भी डिजिटल ठगी से बचने के लिए जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी .

पुलिस उपायुक्त जोन 2 अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि डिलीवरी पार्टनर्स रोजाना बड़ी संख्या में लोगों के संपर्क में आते हैं . ऐसे में वे साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं . इस दौरान उन्हें डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्रॉड, फिशिंग लिंक, फर्जी लोन एप, स्क्रीन शेयरिंग एप, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, क्यूआर कोड स्कैम और सोशल मीडिया के जरिए होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताए . . साथ ही साइबर अपराधियों के नए हथकंडों की भी जानकारी दी गई . कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे . अंत में सभी डिलीवरी पार्टनर्स ने साइबर सुरक्षा की शपथ ली .

यात्रियों को ठगी से बचने के बताए तरीके

इंदौर. ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के बीच जीआरपी ने शहर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों को सतर्क रहने का संदेश दिया. अभियान के दौरान रैली निकाली गई, क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई और यात्रियों को साइबर सुरक्षा की शपथ भी दिलाई.

जीआरपी के अधिकारियों और जवानों ने रेल यात्रियों, कुलियों, वेंडरों तथा अन्य लोगों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी यूपीआई भुगतान, ओटीपी फ्रॉड, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी निवेश योजनाओं और सोशल मीडिया के जरिए होने वाली साइबर ठगी से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए. लोगों को समझाया कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या व्यक्ति के झांसे में न आएं और बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें. अंत में सभी को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की शपथ दिलाई गई.

रिहायशी इलाके में घुसा तेंदुआ, बाइक सवार पर झपटा

▸ **वन विभाग ने शुरु किया सर्च ऑपरेशन**

इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना इलाके में मंगलवार रात उस समय दहशत फैल गई, जब एक तेंदुआ आबादी के बीच पहुंच गया. रास्ते से गुजर रहे एक बाइक सवार पर उसने झपट्टा भी मारा, लेकिन युवक सतर्कता के चलते बाल-बाल बच गया. घटना के बाद तेंदुआ एक घर के बाथरूम में घुस गया और कुछ देर बाद वहां से निकलकर श्रीजी वैली की ओर भाग गया. सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम ने उसकी तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरु किया. रात करीब नो बजे तेंदुआ बिचौली मर्दाना की रिहायशी बस्ती में दिखाई दिया. अचानक सामने आए तेंदुए ने सड़क से गुजर रहे बाइक सवार पर हमला करने की कोशिश की, जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई. सूचना मिलते ही कनाड़िया पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग की रेस्क्यू टीम को बुलाया गया. तेंदुए की लोकेशन का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई. भागते हुए तेंदुआ एक मकान के बाथरूम में जा घुसा. वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह वहां से निकलकर श्रीजी वैली की दिशा में भाग निकला. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर पुलिस की दो गाड़ियां लगातार गश्त करती रहीं. आसपास की कॉलोनियों और गांवों में लोगों को रात के समय घरों से बाहर नहीं निकलने और तेंदुआ दिखाई देने पर तुरंत पुलिस या वन विभाग को सूचना देने की सलाह दी जा रही है. प्रारंभिक आशंका है कि लगातार हो रही बारिश के चलते तेंदुआ खुड़ैल के जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके तक पहुंच गया.

रेस्क्यू टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन शुरु कर दिया है . . .

तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई . तेंदुए की तलाश के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है . प्राथमिक तौर पर माना जा रहा है कि लगातार बारिश के कारण वह जंगल से निकलकर रिहायशी क्षेत्र में पहुंच गया . लोगों से अपील है कि घबराएं नहीं, रात में अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और तेंदुआ दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग या पुलिस को सूचना दें .

डीएफओ . लाल सुधाकर सिंह

बेहतर पुलिसिंग पर 18 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

▸ **अपराधों के खुलासे से लेकर ट्रैफिक प्रबंधन तक के कार्यों को मिली सराहना**

नव भारत न्यूज

इंदौर. बेहतर पुलिसिंग और उल्लेखनीय कार्य करने वाले 18 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मंगलवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सम्मानित किया. पुलिस कमिश्नर ने प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर अपराधों के खुलासे, मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, सड़क दुर्घटना पीड़ितों को तुरंत राहत दिलाने तथा यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया.

सम्मानित होने वालों में थाना तेजाजी नगर की टीम को सड़क दुर्घटना के मामलों में ई डीएआर के माध्यम से पीड़ितों को राहत योजना का लाभ दिलाने, थाना एरोड्रम की टीम को दर्ज प्रकरण के आरोपी की गिरफ्तारी, थाना लसूड़िया की टीम को चोरी के मामले का खुलासा कर आरोपी की गिरफ्तारी और माल बरामद करने तथा थाना विजय नगर की टीम को लखनऊ और देहरादून से आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए सम्मानित किया. वहीं अपराध शाखा के पुलिसकर्मियों को ब्राउन शुगर और एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त करने की कार्रवाई के लिए पुरस्कृत किया.

इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहों पर सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने, वीवीआईपी ड्यूटी, नो-एंट्री और नो पार्किंग क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई करने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की यह साप्ताहिक पहल आगे भी जारी रहेगी, ताकि बेहतर पुलिसिंग के लिए पूरे बल का उत्साह बना रहे.

दृष्टिहीन बच्चों के सशक्तिकरण के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

इंदौर. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर न्यायमूर्ति विवेक रुसिया एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इन्दौर अजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दृष्टि बाधित समुदाय के बच्चों तक अवसर की समानता, समान अधिकार एवं न्याय तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने एवं दिव्यांगजनों को प्राप्त सुविधाआ के अवलोकन, विधिक अधिकारों से अवगत कराने तथा उनकी दिनचर्या को जानने के उद्देश्य से म.प्र. दृष्टिहीन कल्याण संघ द्वारा संचालित हेलनकेलर शिक्षा अकादमी हायर सेकण्डरी स्कूल इन्दौर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि दृष्टि बाधित समुदाय के बच्चों सहित प्रत्येक दिव्यांगजन को सम्मान, अवसर की समानता तथा न्याय तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. विधिक साक्षरता सामाजिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है तथा हम दिव्यांगजनों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने हेतु सदैव तत्पर हैं. कार्यक्रम में अतिरिक्त सचिव अरविंद श्रीवास्तव, उपसचिव अनिरूद्ध जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर शिवराज सिंह गवली एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर कार्यक्रम में श्रवण एवं वाणी बाधित समुदाय के लगभग 70 बच्चों ने सहभागिता की.

राहुल रहे केकेसी ग्रैंड फिनाले के विजेता

इंदौर. केकेसी क्लब एवं संगीत सेवा सहारा द्वारा आयोजित केकेसी टैलेंट शो ग्रेंड फिनाले के विजेता गौतमपुरा के राहुल गंधर्व रहे. उन्हें 51 हज़ार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया ।निर्णायक थे प्रसिद्ध वायलिन वादक पंडित कमल कामले व प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका वैशाली बकोरे.

आयोजक दीपक पाठक और रेखा रावल ने बताया कि ग्रेंड फिनाले में इंदौर सहित राजगढ़, गुजरात, हैदराबाद, देवास, बेटमा, सागर, ग्वालियर, दिल्ली, बुरहानपुर, झाबुआ, छिंदवाड़ा और नागदा से कुल 38 प्रतिभागी थे ।तीन दौर की प्रस्तुति के आधार पर निर्णायक मंडल ने फाइनल विजेता का चयन किया. एक सांत्वना पुरस्कार के रूप मे निर्णायक ने बढ़ाते हुए कुल 6 पुरस्कार प्रदान किए गए. दूसरा पुरस्कार ग्वालियर के गोविंद सिंह रंधावा को व तीसरा पुरस्कार इंदौर के आनंद राव को प्रदान किया गया. चयन प्रक्रिया मे सबसे रोचक और कठिन क्षण था, श्रोताओं से निकाली गयी पर्ची के आधार पर गीत गाने का जिसे सबने सराहा. इसी से निर्णायक मंडल को भी निर्णय लेने में आसानी रही. अतिथि के रूप मे पंकज विरमाल, दीपक मल्होत्रा, रामकुमार गोस्वामी, केसी गर्ग, इब्राहिम खान, विनय जैन और सूत्रधार के रूप मे सुरेश तलरेजा उपस्थित थे. आभार मनीष पगारे ने माना.

इन्हें भी किया पुरस्कृत- प्रथम रनरअप - चंद्रप्रकाश चौहान दिल्ली, द्वितीय रनरअप- वैदेही पाराशर इंदौर

और तृतीय रनरअप - मनोरमा त्रिवेदी देवास रहीं. इन्हें नगर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

स्वयं को सिद्ध किया पं . शुक्ला ने : भार्गव

इंदौर. कठिन परिस्थितियों और संघर्ष भरे दौर से निकलकर अपने कर्तव्यनिष्ठा के बल पर वरिष्ठ पत्रकार पं. स्वयंप्रकाश शुक्ला ने स्वयं को सिद्ध किया. पूरे जीवन वह कुश्ती कला को कलम के माध्यम से प्रोत्साहन देने में जुटे रहे और समाजसेवा में भी कई रचनात्मक कार्यों की नींव रखी उनके जीवन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है.

ये विचार वरिष्ठ पत्रकार पं. स्वयंप्रकाश शुक्ला के 75 बसंत पूरे करने पर आयोजित अमृत महोत्सव और अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने व्यक्त किए. कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन ने कहा कि पं. स्वयंप्रकाश शुक्ला का नाम उन एकनिष्ठ लोगों में आता है जो पवनसुत को प्रणाम कर उन्हें आराध्य मानकर अपने कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी से करते हैं. प्रीतमलाल दुआ सभागृह में आयोजित इस समारोह में विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सतीश जोशी और इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम थे. इस मौक़े पर विभिन्न समाजों, संगठनों और कुश्ती कला के प्रेमियों द्वारा पं. स्वयंप्रकाश शुक्ला का अभिनंदन किया गया. स्वागत उद्बोधन आयोजन समिति के प्रो. योगेंद्रनाथ शुक्ल ने दिया. अतिथि परिचय वरिष्ठ पत्रकार मुकेश तिवारी ने दिया. अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ अभिभाषक राकेश ठाकुर, सुरेश शुक्ला, तन्मय शुक्ला आदि ने किया. संचालन डॉ अमृता अवस्थी ने किया. आभार आयोजन संयोजक अर्पित शुक्ला ने माना. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृपाशंकर शुक्ला, पं. पवनदास महाराज , वरिष्ठ पत्रकार हेमंत पाल, बसंत पाल आदि ने श्री शुक्ला का अभिनंदन किया,

पौधे पर्यावरण के साथ मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी

▸ **एक पेड़, एक ज़िंदगी थीम पर सात दिवसीय हरियाली महोत्सव का समापन**

इंदौर श्री गुजराती समाज, इंदौर द्वारा संचालित स्कीम-54 स्थित श्री आर.जी.पी. गुजराती प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट में आयोजित सात दिवसीय हरियाली महोत्सव का समापन मंगलवार को उत्साहपूर्वक हुआ.

कार्यक्रम का आयोजन 'एक पेड़, एक ज़िंदगी' थीम पर किया गया. समापन अवसर पर महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. रवलीन कौर मुख्य वक्ता रहीं. उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा विभिन्न औषधीय पौधों के महत्व और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी साझा की. उन्होंने कहा कि पौधे केवल पर्यावरण को ही नहीं बचाते, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य एवं एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. पिछले सात दिनों में ब्राह्मी, आंवला, अश्वगंधा, गुड़हल, अडूसा, बेल, मुलहठी, आम, जाम और जामुन सहित कई औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. नितिकेश मित्तल ने किया.

एक नजर में ▸ इंदौर आयकर विभाग और फिक्की फ्लो इंदौर के बीच हुए एमओयू

एआई की मदद से टैक्स प्रक्रिया तेज और आसान हो गई

इंदौर. महिलाओं को सशक्त बनाने और कर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, फ्लो इंदौर ने अपनी पॉलिसी एंड एडवोकेसी पहल के तहत अनलॉकिंग द एडमिनिस्ट्रेशन विषय पर एक प्रभावशाली सत्र का आयोजन किया. इस अवसर पर इंदौर आयकर विभाग और फ्लो इंदौर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. लगभग 50 सशक्त महिलाओं ने इस सत्र में भाग लिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता, फ्लो इंदौर की कोषाध्यक्ष सीए गर्जना राठौर ने की.

आयकर आयुक्त तरुण सीम ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि अब आयकर विभाग से पहले जैसा डर नहीं लगता है. आजकल ज्यादातर काम ऑनलाइन हो जाता है और लोगों को समय पर रिफंड और सब्सिडी मिल रही है. उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की महान योद्धा कमला देवी चट्टोपाध्याय का उदाहरण देते हुए कहा कि महिलाएं प्रशासन में जवाबदेही, बहुमुखी प्रतिभा और मल्टीटास्किंग के साथ अद्भुत कार्य कर रही हैं. आयकर आयुक्त अपील अनुपमा सिंघला ने कहा कि यह एमओयू समाज के लिए बहुत अच्छी शुरुआत है. यह समझौता एक मजबूत पुल बनेगा. फ्लो की सदस्याएं अपने टैक्स संबंधी मामलों में जागरूक होंगी और विभाग को उनकी उद्यमिता से लाभ मिलेगा. सत्र के दौरान महिलाओं ने महिला उद्यमियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, टैक्स फाइलिंग में आम गलतियों और नए सुधारों के बारे में सवाल पूछे. अधिकारियों ने बताया कि अब एआई की मदद से टैक्स प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और आसान हो गई है. गलतियां कम हो रही हैं और केवल गंभीर उल्लंघनों पर ही कार्रवाई होती है. जूनियर वाइस चेयरपर्सन गिन्नी छाबड़ा ने आभार माना.

जिज्ञासु बनिए, खुले मन से सीखिए

फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन, सुश्री गुजराती ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा आज इंदौर में इतिहास रचा गया है . आयकर विभाग और फ्लो इंदौर के बीच एमओयू, एक विजन डॉक्यूमेंट है, जो दोनों संस्थाओं के बीच सार्थक सहयोग की शुरुआत करता है . उन्होंने कहा कि जिज्ञासु बनिए और खुले मन से सीखिए, यह आपको नई दृष्टि देगा .